CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 238 ▫ रायपुर, रविवार 20 सितम्बर 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## महानदी जल विवाद जल्द सुलझने की उम्मीद सीडब्ल्यूसी को सौंपा गया है मामला : साय




**रायपुर,** 20 सितम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच 1983 से चल रहा महानदी जल बंटवारा विवाद सुलझने की ओर अग्रसर है. इस मुद्दे पर कई बैठक हुई लेकिन सकारात्मक परिणाम नहीं निकल पाया था. हाल में दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री और अधिकारियों के बीच चर्चा हुई थी. मुख्यमंत्री साय रविवार को ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर रवाना हुए. इससे पहले उन्होंने महानदी जल विवाद को लेकर बयान दिया है.

**मुख्यमंत्री ओडिशा दौरे पर रवाना**
**कांग्रेस पर साधा निशाना**

रायपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री साय ने बताया कि बीते दिनों दिल्ली में दोनों राज्यों मुख्यमंत्री और अधिकारी बैठकर चर्चा किए थे. यह विषय सीडब्ल्यूसी को सौंप दिया गया है. उन्होंने कहा कि बहुत जल्द महानदी जल विवाद का समाधान होने वाला है.

मुख्यमंत्री साय ने ओडिशा दौरे के लेकर जानकारी दी कि वह दो दिवसीय ओडिशा प्रवास पर रहेंगे. मुख्यमंत्री मांझी के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे. इसके अलावा पुरी में भगवान जगन्नाथ मंदिर में दर्शन करेंगे और छत्तीसगढ़ की खुशहाली की कामना करेंगे.

मध्यप्रदेश के इंदौर में आयोजित कांग्रेस के छात्रों की गूंज कार्यक्रम पर सीएम साय ने निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जहां-जहां जाते हैं, कांग्रेस का बंटाधार होता है. यही हाल इंदौर और मध्यप्रदेश में कांग्रेस का होने वाला है.

## वीबी-जीरामजी से अब होंगे 375 प्रकार के अनुमेय कार्य : विजय शर्मा

**रायपुर,** 20 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में ग्रामीण विकास को रोजगार, आजीविका और स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण से जोड़ने की दिशा में विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जीरामजी) का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। मिशन के अंतर्गत अनुमेय कार्यों की संख्या अब 318 से बढ़ाकर 375 कर दी गई है।



- जल संरक्षण से लेकर सड़क, स्कूल, पंचायत भवन, आजीविका, कृषि, पशुपालन और आपदा प्रबंधन के कार्य शामिल
- छत्तीसगढ़ के बजट में 4 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं को मिलेगा विस्तार

उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने अनुमेय कार्यों की संख्या में वृद्धि पर हर्ष जताते हुए कहा कि वीबी-जीरामजी के अंतर्गत अनुमेय कार्यों की संख्या 318 से बढ़कर 375 होने से विकास कार्यों को गति प्राप्त होगी और ग्रामीण विकास सुदृढ होगा। छत्तीसगढ़ शासन ने मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए वर्ष 2026-27 के बजट में 4 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रावधान का लाभ केवल मजदूरी भुगतान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसके माध्यम से गांवों में ऐसी परिसंपत्तियों का निर्माण होगा, जो आने वाले वर्षों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करेंगी। श्री शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के लिए वीबी-जीरामजी के तहत 3,354.85 करोड़ रुपये का अंतरिम आवंटन प्रदान किया गया है। मिशन के अंतर्गत अकुशल श्रमिकों की मजदूरी दर 261 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये प्रतिदिन की गई है। रोजगार के दिनों में वृद्धि, मजदूरी दर में सुधार और स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण का यह समन्वय ग्रामीण परिवारों की आर्थिक सुरक्षा तथा गांवों के समग्र विकास को नई गति देगा।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत/2047 की परिकल्पना में गांवों को विकास की केंद्रीय इकाई के रूप में महत्व दिया है। वीबी-जीरामजी के माध्यम से रोजगार, आजीविका, जल संरक्षण, कृषि उत्पादकता, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अधोसंरचना को एक साथ जोड़ने का प्रयास इसी व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन तथा केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में ग्रामीण विकास को नई दिशा मिली है।

**क्यूआर कोड से मिलेगी अनुमेय कार्यों की जानकारी-** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि वीबी-जीरामजी के अंतर्गत 375 अनुमेय कार्यों को 4 मुख्य श्रेणियों और 30 उप-श्रेणियों में व्यवस्थित किया गया है। इनमें 68 प्रकार के व्यक्तिगत कार्य, 99 प्रकार के मरम्मत एवं रखरखाव संबंधी कार्य तथा समूह और सामुदायिक उपयोगिता से जुड़े कार्य शामिल हैं। अनुमेय कार्यों की जानकारी प्रत्येक ग्रामीण तक आसानी से पहुंचे, इसके लिए राज्य में क्यूआर कोड भी जारी किया गया है, जिसके माध्यम से ग्रामीण अनुमेय कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**2027 तक हर बालिका के लिए स्कूलों में शौचालय का लक्ष्य-** वीबी-जीरामजी की कार्य-सूची में शासकीय विद्यालयों की अधोसंरचना को विशेष महत्व दिया गया है। विद्यालयों में शौचालयों की मरम्मत, अतिरिक्त कक्षों का निर्माण, प्रयोगशालाएं, रसोई शेड, परिसर की दीवार और खेल मैदान जैसे कार्य इसके अंतर्गत किए जा सकेंगे। इसी दिशा में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा 'मेरी बेटी-मेरा अभिमान' अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 26 जनवरी 2027 तक ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय विद्यालयों में 6,671 बालिका शौचालयों का निर्माण किया जाएगा। यह पहल बालिकाओं की गरिमा, स्वच्छता और विद्यालयों में बेहतर सुविधाजनक वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**हर गांव में मुक्तिधाम और प्रतीक्षालय की दिशा में आगे बढ़ रहा राज्य-** ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक सामुदायिक अधोसंरचना के विस्तार के लिए राज्य सरकार द्वारा हर गांव में मुक्तिधाम निर्माण का संकल्प लिया गया है। 6,524 गांवों में प्रतीक्षालय सहित मुक्तिधाम के निर्माण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। वीबी-जीरामजी में श्मशान घाट तथा अन्य सामुदायिक अधोसंरचना से संबंधित निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को भी अनुमेय बनाया गया है। इसके अतिरिक्त जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए राज्य के 10 हजार से अधिक बंद अथवा डिफंक्ट बोरवेलों में सैंड फिल्टर एवं रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण कराया जाएगा।

**महिला स्व-सहायता समूहों और ग्रामीण उद्यमिता को मिलेगा आधार-** स्व-सहायता समूहों के लिए वर्कशेड और समूह स्तर की गतिविधियों के लिए अधोसंरचना को अनुमेय कार्यों में शामिल किए जाने से ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक गतिविधियों को आवश्यक स्थान और सुविधाएं उपलब्ध कराने के अवसर बढ़ेंगे। वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप, नर्सरी, कृषि उत्पाद भंडारण, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन से जुड़ी परिसंपत्तियां ग्रामीण परिवारों के लिए आय के विविध स्रोत विकसित करने में सहायक होंगी।

## ब्रेकिंग न्यूज

### नंदीग्राम उपचुनाव : कांग्रेस कैंडिडेट मिलन प्रधान 3 अक्टूबर तक भेजे गए जेल, नहीं कर पाएंगे चुनाव प्रचार



**नई दिल्ली,** 20 सितम्बर (न्यूज चैनल)। कांग्रेस के नंदीग्राम उपचुनाव उम्मीदवार मिलन प्रधान को 3 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इससे उनके पास 6 अक्टूबर को होने वाले चुनाव के लिए प्रचार खत्म होने से पहले कैंपेन करने के लिए शायद सिर्फ़ एक दिन ही बचेगा। हल्दिया सब-डिविजनल कोर्ट ने शनिवार को प्रधान को 14 दिन की हिरासत में भेज दिया। उन्हें नंदीग्राम में 2007 के ज़मीन अधिग्रहण विरोधी आंदोलन के दौरान दर्ज मामलों से जुड़े चार लंबित वारंटों के आधार पर गिरफ़्तार किए जाने के एक दिन बाद यह आदेश दिया गया। उनकी गिरफ़्तारी उस घोषणा के कुछ घंटों बाद हुई, जिसमें पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा था कि उनकी पार्टी का गुट उन्हें समर्थन देगा, क्योंकि उनकी उम्मीदवार संचिता प्रधान डे ने अपना नाम वापस ले लिया था।

### मरीन ड्राइव से हाजी अली जा रही बीएमडब्ल्यू पुल से नीचे गिरी, 3 की मौत



**नई दिल्ली,** 20 सितम्बर (न्यूज चैनल)। मुंबई में रविवार तड़के कोस्टल रोड पर एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू पुल से नीचे गिर गई। इस दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। कार में कुल चार लोग सवार थे।

हादसा 20 सितंबर 2026 को सुबह करीब 5.20 बजे लाला कॉलेज के सामने, लोटस जेट्टी के पास हुआ। काली बीएमडब्ल्यू मरीन ड्राइव से हाजी अली की ओर जा रही थी। इसी दौरान कार तेज रफ्तार के कारण हादसे का शिकार हो गई और सड़क पर मौजूद लोगों को भी टक्कर मार दी। हादसे के बाद घायलों को तुरंत नायर अस्पताल ले जाया गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, हादसे में 20 वर्षीय एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसे अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया गया है। वहीं, 21 वर्षीय शनाय गज्जल, 17 वर्षीय धिर्या सेठ और करीब 25 वर्षीय एक अज्ञात युवक को अस्पताल पहुंचने पर मृत घोषित कर दिया गया। शुरुआती जानकारी में बीएमडब्ल्यू की तेज रफ्तार को हादसे की वजह बताया जा रहा है। हालांकि, हादसा किस वजह से हुआ, इसकी पूरी जानकारी जांच के बाद ही सामने आएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे से जुड़े दूसरे तथ्यों की जानकारी जुटा रही है। फिलहाल मृतकों और घायल की पहचान से जुड़ी जानकारी भी जुटाई जा रही है। हादसे के बाद कोस्टल रोड पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात संभाले और हादसे से जुड़ी जानकारी जुटाई।

## मणिपुर में 6 ग्रामीणों की हिरासत पर हिंसक विरोध

**नई दिल्ली,** 20 सितम्बर (न्यूज चैनल)। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सुरक्षा बलों द्वारा छह ग्रामीणों को हिरासत में लिए जाने के बाद शनिवार रात कुकी समुदाय ने हिंसक प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने एनएच-2 पर वाहनों पर पथराव किया, टायर जलाए और सड़क को खोद दिया। सुरक्षा बलों द्वारा सभी ग्रामीणों को रिहा किए जाने के बाद हालात पूरी तरह सामान्य हुए।

मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सुरक्षा बलों द्वारा छह ग्रामीणों को कथित रूप से हिरासत में लिए जाने के विरोध में कुकी समुदाय के कुछ लोगों ने हिंसक प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार रात करीब 10 बजे मोटबुंग और आसपास के इलाकों में शुरू हुआ यह प्रदर्शन आधी रात तक जारी रहा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर टायर जलाए और सरकारी वाहनों पर पथराव किया।

## ट्रेन-ट्रक की चपेट में आने से 14 मवेशियों की मौत



**कांकेर,** 20 सितम्बर (हाईवे चैनल)। भानुप्रतापपुर के आसपास बीती रात और आज सुबह हुए दो अलग-अलग हादसों में 14 मवेशियों की मौत हो गई। भानुप्रतापपुर से लगे भैंसाकन्हार के पास बीती रात ट्रेन की चपेट में आने से 10 मवेशियों की मौत हो गई, वहीं भानुप्रतापपुर के मुख्य चौक में सुबह करीब 5 बजे अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से 4 मवेशियों ने दम तोड़ दिया।

पहली घटना भैंसाकन्हार की है, जहां बीती रात ट्रेन की चपेट में आने से 10 मवेशियों की मौत हो गई, सभी मवेशियां गांव के ही पशुपालक रमेश विक की थी। घटना की जानकारी मिलते ही भानुप्रतापपुर एसडीएम गंगाधर वाहिले अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टर और कर्मचारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और सभी मृत मवेशियों का एक-एक कर पोस्टमार्टम किया। प्रशासन की ओर से पशुपालक को नियमानुसार मुआवजा दिलाने की कार्रवाई भी की जा रही है।

पशुपालक रमेश उइके का कहना है कि गांव के पास रेलवे ट्रैक के दोनों ओर लंबा मोड़ है। उनका आरोप है कि इस मोड़ के कारण कई बार ट्रेन अचानक दिखाई देती है. ट्रेन चालक के हॉर्न नहीं बजाने की वजह से आसपास चर रही मवेशियों और पशुपालकों को ट्रेन के आने का समय पर पता नहीं चल पाता। वहीं दूसरी घटना भानुप्रतापपुर के मुख्य चौक की है। आज सुबह करीब 5 बजे एक अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से चार मवेशियों की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। एक ही दिन में अलग-अलग घटनाओं में 14 मवेशियों की मौत ने एक बार फिर प्रशासनिक व्यवस्था के साथ-साथ पशुपालकों की जिम्मेदारी पर भी सवाल खड़ा कर दिया है।

## ताड़ोकी-रावघाट रेल लाइन पर यात्री ट्रेन का परिचालन जल्द, सीआरएस के निरीक्षण के बाद मिली स्वीकृति




**भिलाईनगर,** 20 सितम्बर (हाईवे चैनल)। भिलाई इस्पात संयंत्र एवं भारतीय रेल के संयुक्त प्रयासों से विकसित की जा रही दल्लीराजहरा ड्ड रावघाट नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत ताड़ोकी रावघाट एकल रेलखंड पर यात्री परिचालन शुरू करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

दक्षिण-पूर्व परिमंडल, कोलकाता के रेलवे संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) द्वारा 22 सितम्बर को ताड़ोकी रावघाट रेलखंड के निरीक्षण एवं स्वीकृति के उपरांत ताड़ोकी रावघाट एकल रेलखंड पर यात्री परिचालन के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यात्री परिवहन शुरू करने से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाएं अब पूर्णता की ओर है। इससे पूर्व 17 जून को रावघाट रेलखंड पर तकनीकी परीक्षण शुरू किया गया था। नियंत्रित गति एवं सीमित भार की परिस्थितियों में 58 वैगन वाली बॉक्सएन रेक के माध्यम से किए गए इस परीक्षण के साथ परियोजना के इस महत्वपूर्ण रेलखंड पर परिचालन की दिशा में आवश्यक तकनीकी तैयारियों को आगे बढ़ाया गया। लगभग 95 कलोमीटर लंबी दल्लीराजहरा ड्ड रावघाट रेल परियोजना सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र एवं भारतीय रेल के संयुक्त प्रयासों से विकसित की जा रही है। इस परियोजना के अंतर्गत रेल लाइन के निर्माण के साथ रेलवे स्टेशनों एवं विद्युतीकरण से संबंधित कार्यों के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया है। रेल लाइन के निर्माण में सेल द्वारा अब तक लगभग 1,735 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है। पूरी परियोजना के निर्माण पर 1,880 करोड़ रुपये से अधिक की अनुमानित लागत आएगी।

## बसपा में शामिल होने से पहले ही दीपिका आउट मायावती ने ईशान आनंद को फिर दी एंट्री

**नई दिल्ली,** 20 सितम्बर (न्यूज चैनल)। बसपा सुप्रीमो मायावती ने परिवार और पार्टी संगठन को लेकर एक बार फिर बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि आकाश आनंद और उनकी बहन को अब पार्टी की कोई जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही अपने भाई आनंद कुमार के परिवार से केवल ईशान आनंद को ही पार्टी में सम्मानजनक जिम्मेदारी देकर आगे बढ़ाने का एलान किया।



**आकाश आनंद और उनकी बहन को अब पार्टी की नहीं दी जाएगी जिम्मेदारी**

मायावती ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में कहा कि उन्होंने अपने अनुभवों को ध्यान में रखते हुए नजदीकी रिश्ते-नातों के मोह से ऊपर उठकर काम करने का फैसला किया है। बसपा संस्थापक कांशीराम ने भी अपने रिश्तेदारों को राजनीतिक लाभ देने से दूरी बनाए रखी। अपना जीवन बहुजन समाज के हित के लिए समर्पित किया। मायावती ने लिखा कि कांशीराम से प्रेरित होकर उन्होंने भी अपना पूरा जीवन बहुजन समाज के लिए समर्पित किया। उनके मुताबिक, एक महिला होने के कारण उन्हें अपने किसी न किसी भाई-बहन को साथ रखना पड़ा। इसी क्रम में उनके छोटे भाई आनंद कुमार लंबे समय से उनकी सेवा में कार्यरत हैं। मायावती ने कहा कि आनंद कुमार के विशेष आग्रह पर उनके बड़े बेटे आकाश आनंद को राजनीति में आगे किया गया। हालांकि, शादी के बाद आकाश आनंद के रवैये और गतिविधियों के कारण उन्हें पार्टी से अलग करना पड़ा। आकाश आनंद अब अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में हैं और उन्हें दोबारा पार्टी में लेना पार्टी के साथ विश्वासघात होगा।

### एसआईआर प्रक्रिया के तहत जमा किए गए उनके एन्यूमरेशन फॉर्म की जानकारी में गड़बड़ी

## दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता, अरविंद केजरीवाल, कपिल सिब्बल और वीरेंद्र सचदेवा समेत कई दिग्गजों को चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस






**नई दिल्ली,** 20 सितम्बर (न्यूज चैनल)। दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता को चुनाव आयोग ने नोटिस थमाया है। दिल्ली एसआईआर प्रक्रिया के तहत चुनाव आयोग ने दिल्ली की मुख्यमंत्री को ये नोटिस जारी किया है। दिल्ली निर्वाचन आयोग ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, अरविंद केजरीवाल, कपिल सिब्बल और वीरेंद्र सचदेवा समेत कई दिग्गज हस्तियों को एसआईआर प्रक्रिया के तहत नोटिस भेजे हैं। हालांकि, रेखा गुप्ता का फॉर्म मान्य कर लिया गया है।

दरअसल रेखा गुप्ता को उम्र से जुड़ी विसंगति के कारण नोटिस मिला था। हालांकि बाद में चुनाव आयोग ने उनका फॉर्म मान्य कर दिया गया। जबकि अरविंद केजरीवाल और उनके परिवार को पुराना विवरण नहीं मिलने पर नोटिस दिया है। चुनाव आयोग के अधिकारियों के मुताबिक दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल समेत कई प्रमुख हस्तियों को एसआईआर प्रक्रिया के तहत जमा किए गए उनके एन्यूमरेशन फॉर्म की जानकारी में गड़बड़ियों के लिए नोटिस भेजे गए हैं। हालांकि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की एंट्री को मान्य कर दिया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र की मतदाता हैं। निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के अनुसार एसआईआर प्रक्रिया में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से संबंधित प्रविष्टि को जनगणना प्रपत्र में प्रदान किए गए विवरणों के आधार पर तार्किक विसंगतियों की सूची में पाया गया। भारत निर्वाचन आयोग की मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुसार उन्हें नोटिस जारी किया गया और नामित बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए तथ्यों और दस्तावेजों के सत्यापन के बाद उनका नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए मान्य कर दिया। जानकारी अनुसार दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता सांसद कपिल सिब्बल के साथ ही भाजपा नेता सुधांशु मित्तल, दिल्ली प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, उनकी पत्नी और भाई सहित अन्य कई लोगों को भी इस तरह के नोटिस भेजे गए हैं।